वी.यू. में पांचवा वार्षिक सम्मेलन का सफलतापूर्वक समापन

जबलपुर। नानाजी देशमुख पशुचिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. सीता प्रसाद तिवारी जी के मागदर्शन में आयोजित पशुचिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय, जबलपुर के पशु पोषण विभाग और पशु पोषण और पशु कल्याण समिति इज्जत नगर के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित दो दिवसीय वार्षिक सम्मेलन तथा राष्ट्रीय सम्मेलन के द्वितीय दिन विभिन्न विषयों पर 7 तकनीकी सत्र निम्न विषयों पर हुए—पोषण और पशु उत्पादन संबंध में, जंगली और चिड़ियाघर के जानवरों का प्रबंधन, चारा प्रौद्योगिकी और पशु उत्पादन पर इसका प्रभाव, पशु पोषण में जैव प्रौद्योगिकी, नैदानिक पशु पोषण और स्वास्थ्य प्रबंधन, कुक्कुट और पालतू पक्षी उत्पादन। तकनीकी सत्र के संपादन के बाद समापन कार्यक्रम का आयोजन हुआ जिसकी अध्यक्षता माननीय कुलपति नानाजी देशमुख पशुचिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय डॉ. एस.पी. तिवारी ने की जिसके मुख्य अतिथि डॉक्टर एम.सी. शर्मा पूर्व कुलपति तथा निदेशक आई.वी.आर.आई. इज्जतनगर रहे। साथ ही मंचासीन समिति के प्रेसिडेंट डॉ. एन.एन. पाठक, जनरल सेक्रेटरी डॉ. एस.के. साहा, अधिष्ठाता डॉ. आर.के. शर्मा तथा आयोजन सचिव डॉ. सुनील नायक रहे। डॉ. हरी आर ने संपूर्ण कार्यक्रम का तथा मुख्यतः तकनीकी सत्र का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया तत्पश्चात मंचासीन अतिथियों द्वारा दो लीड पेपर पुरस्कार डॉ. राघवेंद्र भट्टा तथा डॉ. पंकज शुक्ला को दिया गया साथ ही प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त 52 शोधार्थियों को पुरस्कार प्रदान किए। तकनीकी सत्र को सफल बनाने में डॉक्टर गिरधारी दास, डॉ अंकुर खरे एवं डॉ. हरी आर की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

विभिन्न सत्रों में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार दिए गए। जिसमें डॉ. पूजा तंबोली, डॉ एम.के. गेनदले, डॉ. एस.एस. पाटिल, डॉ. रजनीश, डॉ निधि राजपूत डॉ. देवेंद्र पुधाड़े, डॉ. ए.के. बंसद, फीड प्रौद्योगिकी में, डॉ. एम.आर., डॉ. अरुन कुमार, डॉ. दीपेश मिश्रा डॉ. ओ.पी. दिनानी, डॉ. ए.एन., जैव प्रौद्योगिकी में डॉ. आकांक्षा सिंह, डॉ. ए.पी. ढ़ोल, डॉ. जी. शेख, सर्जिकल इन्टरवेनश में डॉ. दिशांत सैनी, डॉ. एम.डी. कलीम, नैदानिक पशु पोषण, डॉ. सैलानी विश्वानी, डॉ. थमीज़हन. पी, डॉ. दीक्षा शुक्ला, डॉ. मीना, डॉ. प्रिया, मुर्गी पालन में डॉ. अंकुर, रस्तोंगी, डॉ. पी.के. नायक, डॉ. एस.

एम, पोस्टर प्रस्तुति मे डॉ. शैलानी, डॉ. पी, डॉ. एस.एम. वानखेड़े, डॉ. एम. पाण्डेय, डॉ. सी.पी. मोदी, डॉ. अखिलेश मिश्रा, डॉ. देवेंद्र पंधारे, डॉ. फारोक़ा, डॉ साहनी विश्वानि, डॉ. नीतेश. कुर्मी, डॉ. रेशन, डॉ. सुरैया के. के., डॉ. असीत जैन, डॉ. जे. श्रीवास्तव, डॉ.एस. अली, डॉ. सरिता, डॉ. ए.पी. सोनी, डॉ. प्रमोद चौधरी, डॉ. सानू सिंहगौर, डॉ. पी. रघुवंशी, डॉ. प्राची, चंद्रकऱ आदि। समापन कार्यक्रम में समस्त प्रतिभागी विश्वविद्यालय के पदाधिकारी गण तथा महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक गण उपस्थित रहे। दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन को सफल बनाने में आयोजन समिति के सदस्यों का तथा विभिन्न समिति के अध्यक्षों का एवं सदस्यों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

कार्यक्रम में मंच संचालन डॉक्टर आदित्य मिश्रा द्वारा किया गया तथा आभार प्रदर्शन अधिष्ठाता डॉ. आर.के. शर्मा द्वारा किया गया।

सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी
ना.दे.प.चि.वि.वि., जबलपुर